**क्रमांक-11**

# संक्षिप्त कार्य विवरण

**पत्रक भाग-एक**

**बुधवार, दिनांक 1 मार्च, 2006 (फाल्गुन 10, 1927)**

**विधान सभा पूर्वाह्न 10.30 बजे समवेत हुई.**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

## 1. प्रश्नोत्तर

प्रश्नोत्तर सूची में शामिल 25 तारांकित प्रश्नों में से 18 प्रश्नों पर अनुपूरक प्रश्न पूछे गये तथा उनके उत्तर दिये गये।

प्रश्नोत्तर सूची में नियम 46 (2) के अंतर्गत अतारांकित प्रश्नोत्तर के रूप में परिवर्तित 77 तारांकित प्रश्नों के उत्तर तथा 73 अतारांकित प्रश्नों के उत्तर भी शामिल थे।

## 2. नियम 267-क के अधीन विषय

(1) श्री इन्द्रजीत कुमार पटेल, सदस्य ने सीधी जिले में शिक्षकों को चिकित्सा देयक न दिये जाने,

**उपाध्यक्ष महोदय (श्री हजारीलाल रघुवंशी) पीठासीन हुए.**

(2) श्री दुर्गालाल विजय, सदस्य ने श्योपुर जिले के गोरस आबदा मार्ग की जर्जर हालत होने,

(3) डॉ. गोविन्द सिंह, सदस्य ने भिण्ड जिले के लहार में अनेक ग्रामों में नहर का पानी नहीं छोड़े जाने,

(4) श्री गिरिराज मण्डलोई शाजापुर जिले के अनेक ग्रामों में कृषकों को सिंचाई के लिये पंप कनेक्शन न दिये जाने,

(5) कुंवर विजय बहादुर सिंह बुन्देला, सदस्य ने छतरपुर जिले की नगर पंचायत सरई द्वारा मध्यान्ह भोजन के चावल में हेराफेरी होने,

(6) श्री गिरिजा शंकर शर्मा, सदस्य ने मध्यप्रदेश के सभी जिलों में तिलहन संघ व सहकारी समितियों के माध्यम से हल्के क्वालिटी के चावल खाद्य निगम को दिये जाने,

(7) श्री नागेन्द्र सिंह (गुढ), सदस्य ने रीवा जिला भू-अभिलेख शाखा व तहसीलों के कम्प्यूटर से त्रुटियां होने, तथा

(8) डॉ. सुनीलम्, सदस्य ने प्रदेश में पत्रकारों पर बढ़ती हमलों की घटना से उत्पन्न स्थिति,
संबंधी शून्यकाल की सूचनाएं प्रस्तुत की।

## 3. ध्यानाकर्षण

(1) श्री प्रेमचन्द गुड्डू, सदस्य ने रतलाम जिले की आलोट तहसील में अल्पवर्षा से उत्पन्न स्थिति की ओर राजस्व मंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

श्री नारायण सिंह कुशवाह, राजस्व, राज्य मंत्री ने इस पर वक्तव्य दिया।

(2) सर्वश्री के.डी. देशमुख, प्रदीप अमृतलाल जायसवाल, सदस्य ने बालाघाट जिले के कटंगी नगर से बालक का अपहरण होने की ओर मुख्यमंत्री का ध्यान आकर्षित किया।

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

श्री नागेन्द्र सिंह, राज्यमंत्री, गृह ने इस पर वक्तव्य दिया।

## 4. याचिकाओं की प्रस्तुति

अध्यक्ष महोदय द्वारा की गई घोषणानुसार -

(1) श्री दुर्गालाल विजय, सदस्य की श्योपुर जिले के-

(क) ग्राम बड़ोदा स्थित हायर सेकेण्डरी स्कूल में कृषि संकाय की कक्षायें प्रारंभ कराये जाने,

(ख) नागरिकों के लिये चलित नेत्र इकाई की स्थापना कराये जाने,

(ग) बंजारा डेम की ऊंचाई बढ़ाये जाने,

(घ) ग्राम पाण्डोला में हाई स्कूल का भवन बनाये जाने,तथा

(ड.) ग्राम बड़ोदा में कन्या हाई स्कूल खोले जाने,

(2) श्री बहादुर सिंह चौहान, सदस्य की उज्जैन जिले के-

(क) ग्राम झारड़ा स्थित प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का उन्नयन कराये जाने,

(ख) ग्राम झारड़ा में 132 के.व्ही.विद्युत उप केन्द्र की स्वीकृति दिलाये जाने,

(ग) ग्राम सगवाली के झुटावद तक सड़क बनाये जाने,

(घ) ग्राम घाटपिपल्या के पास क्षिप्रा नदी पर पुल बनाये जाने,

(ङ) ग्राम महिदपुर से रणायरापीर तक सड़क बनाये जाने,

(च) ग्राम रणायरापीर में हाई स्कूल खोले जाने,

(छ) ग्राम कुण्डीखेड़ा में हाई स्कूल खोले जाने,

(ज) ग्राम चितावद में उप स्वास्थ्य केन्द्र खोले जाने,

(झ) ग्राम इन्दोख से झारड़ा तक सड़क मार्ग का डामरीकरण कराये जाने,

(ञ) ग्राम झुटावद में हाई स्कूल खोले जाने,

(ट) ग्राम झारड़ा में कन्या हायर सेकेण्डरी स्कूल खोले जाने, तथा

(ठ) ग्राम बपैया की नल जल योजना प्रारंभ कराये जाने,

(3) श्री नारायण त्रिपाठी, सदस्य की सतना जिले के ग्राम अमदरा व बदेरा में महाविद्यालय खोले जाने,

(4) श्री गोविन्द सिंह पटेल, सदस्य की नरसिंहपुर जिले के -

(क) ग्राम चीचली से डोंगरगांव तक सड़क बनाये जाने,
(ख) ग्राम पिपरिया खुर्द व बांसखेड़ा के मध्य पुलिया बनाये जाने,
(ग) ग्राम गांगई से चोर बरहटा तक सड़क बनाये जाने,
(घ) ग्राम पोडार से गाड़रवारा -पिपरिया मुख्य मार्ग तक सड़क बनाये जाने,
(ङ) ग्राम ढिगसरा से अजंदा तक सड़क बनाये जाने,
(च) ग्राम सहावन से केसला तक सड़क बनाये जाने,
(छ) गाडरवारा नगर में स्टेडियम बनाये जाने,
(ज) ग्राम उडनी पिपरिया से टेकापार तक सड़क बनाये जाने,
(झ) गाडरवारा-पिपरिया मुख्यमार्ग से बरेली तक सड़क बनाये जाने,
(ञ) ग्राम आमगांव छोटा से घुटंगो तक सड़क एवं पुलिया बनाये जाने, तथा
(ट) गाडरवारा नगर में कन्या महाविद्यालय खोले जाने,

(5) पं. रमेश दुबे, सदस्य की छिन्दवाड़ा जिले के -

(क) ग्राम समसवाड़ा के पास सड़क मार्ग का उन्नयन कराये जाने,
(ख) ग्राम बाम्हनवाड़ा में हाईस्कूल खोले जाने,
(ग) ग्राम झिलमिली स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र को प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र का दर्जा दिलाये जाने,
(घ) ग्राम झिलमिली में कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खोले जाने,
(ङ) ग्राम झिलमिली में उच्चतर माध्यमिक विद्यालय का भवन बनाये जाने,
(च) ग्राम पांजरा में कन्या माध्यमिक विद्यालय खोले जाने,
(छ) ग्राम सिहोरामाल से आमटा तक पक्की सड़क बनाये जाने,
(ज) ग्राम चंदन गांव से जमतरा तक पक्की सड़क बनाये जाने,
(झ) ग्राम निशान जानोजी की पहाड़ी एवं नीलकंठी कला की दैत्य बाबा पहाड़ी के बीच जलाशय बनाये जाने, तथा
(ञ) ग्राम केरिया से छिन्दवाड़ा-चाँद मुख्यमार्ग तक सड़क का उन्नयन कराये जाने,

संबंधी याचिकाएं पढ़ी हुई मानी गई।

## 5. वर्ष 2006-2007 की अनुदानों की मांगों पर मतदान

(1) श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री ने राज्यपाल महोदय की सिफारिश के अनुसार प्रस्ताव किया कि 31 मार्च, 2007 को समाप्त होने वाले वर्ष में राज्य की संचित निधि में से प्रस्तावित व्यय के निमित्त राज्यपाल महोदय को -

| | |
|---|---|
| अनुदान संख्या - 1 | सामान्य प्रशासन के लिए छियानवे करोड़, तिरसठ लाख, एक हजार रुपये, |
| अनुदान संख्या - 2 | सामान्य प्रशासन विभाग से संबंधित अन्य व्यय के लिए अठारह करोड़, पैतीसलाख, तिहत्तर हजार रुपये, |
| अनुदान संख्या - 3 | पुलिस के लिए दस सौ तिरानवे करोड़, पैसठ लाख, अठहत्तर हजार रुपये, |
| अनुदान संख्या - 4 | गृह विभाग से संबंधित अन्य व्यय के लिए दस करोड़, बाईस लाख, बयालीस हजार रुपये, |
| अनुदान संख्या - 46 | विज्ञान और टेक्नॉलाजी के लिए चार करोड़, अड़सठ लाख, पचास हजार रुपये, |
| अनुदान संख्या - 48 | नर्मदा घाटी विकास के लिए तेरहसौ सतहत्तर करोड़, तिरसठ लाख, नौ हजार रुपये, |
| अनुदान संख्या - 65 | विमानन के लिए छः करोड़, चौतीस लाख, छत्तीस हजार रुपये, तथा |
| अनुदान संख्या - 78 | नर्मदा घाटी विकास से संबंधित नाबार्ड से सहायता प्राप्त परियोजनाओं के लिए एक सौ तिरसठ करोड़, आठ लाख, बयालीस हजार रुपये, |

तक की राशि दी जाय।

मांगों पर उनके सामने अंकित कटौती प्रस्ताव प्रस्तुत हुए :-

| **मांग संख्या** | **कटौती प्रस्ताव क्रमांक** |
|---|---|
| मांग संख्या - 1 | 1,2,3,4,5,6,9,10,13,14 |
| मांग संख्या - 2 | 2 |
| मांग संख्या - 3 | 1,3,4,8,9,11,13 |
| मांग संख्या - 4 | 2,3,4 |
| मांग संख्या - 46 | 2 |
| मांग संख्या - 48 | 2 |
| मांग संख्या - 65 | 1,2,3,4 |

मांगों और कटौती प्रस्ताव पर एक साथ हुई चर्चा में निम्नलिखित सदस्यों ने भाग लिया :-

(1) डॉ. गोविन्द सिंह

(2) श्री लाल सिंह आर्य

**(1.00 बजे से 2.30 बजे तक अन्तराल)**

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

(3) श्री वंशमणि प्रसाद वर्मा
(4) श्री बृजेन्द्र सिंह राठौर
(5) श्री दुर्गालाल विजय

**उपाध्यक्ष महोदय (श्री हजारी लाल रघुवंशी) पीठासीन हुए.**

(6) श्री राम लखन शर्मा
(7) डॉ. आई. एम. पी. वर्मा
(8) श्री अजय सिंह "राहुल भैया"
(9) श्री बृजेन्द्र तिवारी
(10) डॉ. सुनीलम्
(11) श्री दिलीप सिंह गुर्जर
(12) श्री सत्यदेव कटारे
(13) श्री गिरिराज मण्डलोई
(14) श्री राजनारायण सिंह पुरनी
(15) श्री नानालाल पाटीदार
(16) श्री राजेश पटेल
(17) श्री आरिफ अकील
(18) श्री बाबूलाल सीताराम महाजन
(19) श्री प्रदीप अमृतलाल जायसवाल

**अध्यक्ष महोदय (श्री ईश्वरदास रोहाणी) पीठासीन हुए.**

श्री शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री ने चर्चा का उत्तर दिया।

कटौती प्रस्ताव अस्वीकृत हुए।
मांगों का प्रस्ताव स्वीकृत हुआ।

07.04 बजे विधान सभा की कार्यवाही गुरुवार, दिनांक 2 मार्च, 2006 (फाल्गुन 11, 1927) के पूर्वाह्न 10.30 बजे तक के लिए स्थगित की गई.

**डॉ. ए.के.पयासी**
**प्रमुख सचिव,**
**मध्यप्रदेश विधान सभा.**